**सीएसआईआर-केन्द्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन**
**(वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद्)**
**सैक्टर 30-सी, चण्डीगढ़-160030 (भारत)**
**www.csio.res.in**

विज्ञापन की तिथि : 12.05.2023
ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि : 12.05.2023
ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि : 12.06.2023 (सायं 5.00 बजे तक)

## विज्ञापन सं. 45/2022

## विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी के विकास का हिस्सा बनने का एक अनुपम अवसर

सीएसआईआर-केन्द्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन (सीएसआईआर-सीएसआईओ), चण्डीगढ़, वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर) के अधीनस्थ एक प्रमुख संस्थान है, जो माप-विज्ञान और उपकरण-विन्यास प्रौद्योगिकियों तथा मानव संसाधन विकास पर बल देते हुए विविध वैज्ञानिक क्षेत्रों में मूल एवं अनुप्रयुक्त दोनों प्रकार के बहु-विषयी अनुसंधान एवं विकास कार्यों में संलग्न है। संगठन कृषि उपकरण-विन्यास, जैव-चिकित्सा उपकरण-विन्यास, ऑप्टिकल उपस्कर एवं प्रणालियां, भू-वैज्ञानिक उपकरण-विन्यास, प्रिसीज़न यांत्रिक प्रणालियां, विश्लेषणात्मक तकनीकें तथा अनुसंधान एवं विकास सहायक सुविधाएं, कम्प्यूटेशनल उपकरण-विन्यास आदि क्षेत्रों में अनुसंधान एवं विकास कार्यों को समर्पित है। सीएसआईआर-सीएसआईओ चण्डीगढ़ में तकनीकी और अन्य संबंधित सहायक सेवाओं के लिए 44 की संख्या में तकनीशियन (1) की भर्ती की जानी है।

उत्कृष्ट शैक्षिक योग्यताओं एवं प्रमाणित तकनीकी कौशल प्राप्त और अपेक्षित अनुभव व उच्च प्रेरणा रखने वाले उत्साही भारतीय उम्मीदवारों से निम्नलिखित पदों पर भर्ती के लिए निम्न विवरणानुसार आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं, जिससे कि चण्डीगढ़ और चेन्नै में रिक्तियों को भरा जा सके।

विभिन्न पदों के लिए परिलब्धियां, आयु सीमा एवं कार्य अपेक्षाएं निम्नानुसार संक्षेप में दी गई हैं:

| क्र. सं. | पदनाम | पदों की संख्या एवं आरक्षण | वेतन स्तर (7वाँ के. वे. आ.) | **कुल मासिक परिलब्धियां | ***अधिकतम आयु सीमा ऑनलाइन आवेदन जमा करने की तिथि को निम्नांकित से अधिक नहीं |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तकनीशियन (1) {ग्रुप II(1)} | कुल : 44 पद<br>(जिसमें 01 पीडबल्यूबीडी बैकलॉग शामिल है)<br>क) यूआर-25 पद, ओबीसी-07 पद, एससी-07 पद, ईडब्ल्यूएस-04 पद, पीडब्ल्यूबीडी (एचएच)-01 पद (बैकलॉग रिक्ति)<br>ख) उपर्युक्त में से, 03 पद (यूआर-01, ओबीसी-01, एससी-01) सीएसआईआर-सीएसआईओ, चेन्नै केन्द्र के लिए हैं।<br>ग) हॉरिजॉण्टल आरक्षण : ईएसएम-04 पद, पीडब्ल्यूबीडी (वीएच)-01 पद | *स्तर - 2, सैल-1* (₹19900-63200) | ₹ 37,092/- (चण्डीगढ़ में)<br><br>₹ 39,531/- (चेन्नै में) | 28 वर्ष |

**संक्षेपाक्षर : यूआर- अनारक्षित; ओबीसी-अन्य पिछड़ा वर्ग; एससी-अनुसूचित जाति; ईडब्ल्यूएस-आर्थिक रूप से कमज़ोर वर्ग; ईएसएम-पूर्व सैनिक; पीडब्ल्यूबीडी-बैचमार्क दिव्यांग व्यक्ति; वीएच-दृष्टिहीनता एवं कम दृष्टि; एचएच-बधिरता एवं कम सुनना**

**कुल परिलब्धियों का अर्थ दिनांक आज की तारीख में चण्डीगढ़ तथा चेन्नै में मकान किराए भत्ते सहित वेतनमान के न्यूनतम पर अनुमानित कुल परिलब्धियां हैं। सीएसआईआर-सीएसआईओ नियमों के अनुसार आवास प्रदान कर सकता है, यदि उपलब्ध हो।

***आयु में छूट के लिए कृपया विज्ञापन का ''सामान्य सूचना एवं शर्तें'' शीर्षक देखें।

| पद कोड/ क्षेत्र/पदों की संख्या (आरक्षण) | पद का नाम | अनिवार्य शैक्षिक अर्हताएं एवं अनुभव+ | कार्य अपेक्षा/ अनुभव |
|---|---|---|---|
| ELECT-01<br>विद्युत अभियांत्रिकी<br><br>04 पद<br>(ओबीसी - 01,<br>एससी - 01,<br>यूआर – 02*)<br><br>01 पद हॉरिजॉण्टली ईएसएम के लिए आरक्षित<br><br>*01 पद सीएसआईआर-सीएसआईओ चेन्नै केंद्र के लिए | तकनीशियन (1) {ग्रुप -II(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा इलेक्ट्रीशियन ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>**वांछनीय:**<br>संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | पदधारी को विद्युत अधिष्ठापनों /मशीनों /उपस्करों की मरम्मत और अनुरक्षण कार्य करना होगा पदधारी को विद्युत प्रयोगशालाओं में विद्युत उपकरण चलाने होंगे और विद्युत प्रयोग करने होंगे। कर्मशाला मशीनों, प्रयोगशाला उपकरणों एवं विद्युत अधिष्ठापनाओं के विद्युत कंट्रोल की मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य। |
| ECE-01<br>इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी<br><br>05 पद<br>(एससी - 01*,<br>ईडब्ल्यूएस - 01,<br>यूआर – 03)<br><br>01 पद हॉरिजॉण्टली पीडब्ल्यूबीडी(वीएच) के लिए आरक्षित तथा 01 पद हॉरिजॉण्टली ईएसएम के लिए आरक्षित<br><br>*सीएसआईआर-सीएसआईओ चेन्नै केंद्र के लिए | तकनीशियन (1) {ग्रुप -II(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>**वांछनीय:**<br>संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | पदधारी को पीसीबी सोल्डरिंग, पीसीबी डिज़ाइन तथा विनिर्माण, इलेक्ट्रॉनिक सर्किट की डिज़ाइनिंग में सहयोग देना, इलेक्ट्रॉनिक पावर सप्लाई की मरम्मत एवं अनुरक्षण के कार्य करने होंगे। |
| ECE-02<br>इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी<br><br>01 पद<br>(यूआर) | तकनीशियन (1) {ग्रुप -II(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक मकैनिक/इन्स्ट्रूमेंट मकैनिक/संचार ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>**वांछनीय:**<br>संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का | पदधारी को इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों / उपस्करों, टेलीफोन लाइनों, टेलीफोन सेटों और संचार उपकरणों आदि की मरम्मत और अनुरक्षण के कार्य करने होंगे। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | अनुभव | |
| ECE-03<br>इलेक्ट्रॉनिक्स अभियांत्रिकी<br><br>03 पद<br>(एससी- 01,<br>यूआर – 02)<br><br>01 पद हॉरिज़ॉण्टली ईएसएम के लिए आरक्षित . | तकनीशियन (1) {ग्रुप -।।(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा इलेक्ट्रॉनिक्स/इलेक्ट्रॉनिक मकैनिक/इन्स्ट्रूमेंट मकैनिक/संचार ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>**वांछनीय:**<br>संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | पदधारी को एनालॉग और डिजिटल इलेक्ट्रॉनिक्स, पीएलसी, रोबोटिक्स, मैकाट्रॉनिक्स और एंबेडेड सिस्टम प्रयोगशालाओं में व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान करने में सहयोग करना होगा। इसके अतिरिक्त, इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के जॉब, मरम्मत और अनुरक्षण के कार्य करने होंगे। |
| TURN<br>टर्नर<br><br>04 पद<br>(ओबीसी- 01,<br>एससी- 01,<br>यूआर – 02) | तकनीशियन (1) {ग्रुप -।।(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा टर्नर ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>**वांछनीय:**<br>संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | पदधारी को खराद मशीनों की टर्निंग जॉब, मरम्मत और अनुरक्षण के कार्य करने होंगे।<br><br>पदधारी को विद्यार्थियों को टर्निंग कार्य में प्रशिक्षित करना होगा। |
| FITT<br>फिट्टर<br><br>04 पद<br>(ओबीसी- 01*,<br>ईडब्ल्यूएस- 01,<br>यूआर – 02)<br><br>*सीएसआईआर- सीएसआईओ चेन्नै केंद्र के लिए | तकनीशियन (1) {ग्रुप -।।(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा फिट्टर ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>**वांछनीय:**<br>संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | पदधारी को फिटिंग और बेंच वर्क कार्य/ऑप्टो-मैकेनिकल घटकों की असेंबली और कर्मशाला/ऑप्टिकल मशीनरी की मरम्मत और अनुरक्षण के कार्य करने होंगे। पदधारी को फाइलिंग और बेंच वर्क कार्य में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करना होगा। |
| MILL<br>मशीनिस्ट<br><br>05 पद<br>(ओबीसी- 01,<br>एससी- 01,<br>ईडब्ल्यूएस- 01,<br>यूआर – 02) | तकनीशियन (1) {ग्रुप -।।(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा मशीनिस्ट ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br><br>**वांछनीय:**<br>संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | पदधारी का मिलिंग मशीन की मरम्मत और अनुरक्षण के कार्य करने होंगे।<br>पदधारी को मिलिंग के काम में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करना होगा। ऑप्टिकल फैब्रिकेशन, पारंपरिक, अर्ध-स्वचालित, ऑप्टिकल ग्राइंडिंग, पॉलिशिंग, लैपिंग और एजिंग आदि के लिए उपयोग की जाने वाली मशीनों के संचालन और अनुरक्षण का ज्ञान होना चाहिए। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| DFT-01<br>ड्रॉफ्ट्समैन (मकैनिकल)<br><br>04 पद<br>(ओबीसी- 01,<br>एससी- 01,<br>ईडब्ल्यूएस- 01,<br>यूआर – 01) | तकनीशियन (1) {ग्रुप -।।(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा ड्रॉफ्ट्समैन (मकैनिकल) ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>**वांछनीय:**<br>संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | पदधारी को ड्राफ्टिंग मशीन/मैकेनिकल सीएडी सॉफ्टवेयर के माध्यम से ड्राइंग कार्य करने होंगे। पदधारी को ड्रॉफ्टिंग के काम में विद्यार्थियों को प्रशिक्षित करना होगा। |
| DFT-02<br>ड्रॉफ्ट्समैन (सिविल)<br><br>01 पद<br>(यूआर) | तकनीशियन (1) {ग्रुप -।।(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा ड्रॉफ्ट्समैन (सिविल) ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>या<br>न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा संबंधित ट्रेड में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से अप्रेंटिस ट्रेनी के रूप में 2 वर्ष का पूर्णकालिक अनुभव<br>**वांछनीय:**<br>संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | पदधारी को भवनों का ड्राइंग कार्य करना होगा। ड्राइंग के अनुरूप निर्माण कार्य के लिए मात्राओं का अनुमान, पर्यवेक्षण का कार्य करना होगा। सीएडी आधारित ड्राइंग तैयार करने के लिए प्रचालन की जानकारी हो। |
| WELD<br>वेल्डिंग<br><br>01 पद<br>(ओबीसी) | तकनीशियन (1) {ग्रुप -।।(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा वेल्डिंग ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>**वांछनीय:**<br>संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | पदधारी को सभी सामान्य और आकस्मिक वेल्डिंग कार्य और संबंधित कार्य जैसे टीआईजी, एमआईजी, गैस वेल्डिंग और सोल्डरिंग कार्य आदि करने होंगे। पदधारी को विद्यार्थियों को वेल्डिंग से संबंधित कार्य का प्रशिक्षण देना होगा। |
| GRIND<br><br>टूल और कटर ग्राइंडिंग<br><br>01 पद<br>(यूआर) | तकनीशियन (1) {ग्रुप -।।(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा मशीनिस्ट (ग्राइंडर या टूल और कटर ग्राइंडर) ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>**वांछनीय:**<br>संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | पदधारी द्वारा टूल एवं कटर कार्य तथा टूल एवं कटर मशीनों की मरम्मत एवं अनुरक्षण, टूल क्रिब एवं सभी प्रकार के कटिंग टूल को तीक्ष्ण करना, अटैच्मेंट्स का ज्ञान अपेक्षित है। पदधारी को विद्यार्थियों को टूल और कटर से संबंधित कार्य का प्रशिक्षण देना होगा। |

| | | | |
|---|---|---|---|
| SMET<br>शीट मैटल<br>01 पद<br>(यूआर) | तकनीशियन (1) {ग्रुप -।।(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा शीट मैटल ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>**वांछनीय:**<br>संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | पदधारी को शीट मैटल से संबंधित कार्य, शीट मैटल मशीनों की मरम्मत एवं अनुरक्षण कार्य करने होंगे। पदधारी को विद्यार्थियों को शीट मैटल से संबंधित कार्य का प्रशिक्षण देना होगा। |
| CARP<br>कारपेंटरी<br>01 पद<br>(यूआर) | तकनीशियन (1) {ग्रुप -।।(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा कारपेंटरी ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>**वांछनीय:**<br>संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | पदधारी को लकड़ी की बढ़ईगिरी, फिटिंग एवं फर्नीचर के लिए लकड़ी/एल्युमीनियम/ ग्लेजिंग को तैयार करने, मरम्मत एवं अनुरक्षण के कार्य करने होंगे। पदग्राही को विद्यार्थियों को बढ़ईगीरी और संबंधित कार्यों का प्रशिक्षण देना होगा। |
| REF<br>रेफ्रिजरेशन<br>01 पद<br>(यूआर) | तकनीशियन (1) {ग्रुप -।।(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा रेफ्रिजरेशन ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>**वांछनीय:**<br>संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | पदधारी को स्पलिट एसी, विन्डो एसी, वाटर कूलर, फ्रिज इत्यादि जैसे रेफ्रिजरेशन एवं वातानुकूलन उपस्करों की मरम्मत एवं अनुरक्षण और एसी प्लांट और पैकेजिंग इकाइयों के प्रचालन के कार्य करने होंगे। |
| COMP<br>कम्प्यूटर<br>03 पद<br>यूआर – 02<br>(01 पद हॉरिज़ॉण्टली ईएसएम के लिए आरक्षित)<br>पीडब्ल्यूबीडी-एचएच-01 (बैकलॉग) | तकनीशियन (1) {ग्रुप -।।(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा कम्प्यूटर ऑपरेटर और प्रोग्रामिंग सहायक या नेटवर्क तकनीशियन ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>**वांछनीय:**<br>संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | पदधारी से कम्प्यूटर एवं इसके सहायक उपस्करों, लोकल एरिया नेटवर्क, आईडी कार्ड प्रिंटर के संचालन और डेटा प्रविष्टि, इंट्रानेट अपलोड, वेबसाइट अपलोड आदि का अनुरक्षण करवाया जाना अपेक्षित है। |
| OPT<br>मशीनिस्ट/ग्राइंडिंग/ ऑप्टिकल पॉलिशिंग<br>02 पद<br>(एससी - 01<br>यूआर – 01) | तकनीशियन (1) {ग्रुप -।।(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा मशीनिस्ट/ मशीनिस्ट(ग्राइंडर या टूल और कटर ग्राइंडर) ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>**वांछनीय:** | पदधारी को ऑप्टिकल फैब्रिकेशन, पारंपरिक, अर्ध-स्वचालित, ऑप्टिकल ग्राइंडिंग, पॉलिशिंग, लैपिंग और एजिंग आदि के लिए उपयोग की जाने वाली मशीनों के संचालन और अनुरक्षण का ज्ञान |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | | संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | होना अपेक्षित है। |
| PLUMB<br>प्लंबिंग<br><br>02 पद<br>(ओबीसी - 01,<br>यूआर – 01) | तकनीशियन (1) {ग्रुप -।।(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा प्लंबिंग ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>या<br>न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा संबंधित ट्रेड में किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से अप्रेंटिस ट्रेनी के रूप में 2 वर्ष का पूर्णकालिक अनुभव<br>**वांछनीय:**<br>संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | पदधारी को संस्थान में प्लंबिंग संबंधी कार्य करने होंगे। पदधारी से जल निकासी की सफाई और जल वितरण/अपशिष्ट जल आपूर्ति और प्रबंधन के सुचारू संचालन का कार्य भी अपेक्षित है। |
| PAINT<br>पेंटिंग<br><br>01 पद<br>(यूआर) | तकनीशियन (1) {ग्रुप -।।(1)} | न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान विषयों में सैकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट/10वीं/ एसएससी या समकक्ष, तथा पेंटर ट्रेड में आईटीआई या राष्ट्रीय/राज्य ट्रेड प्रमाणपत्र<br>**वांछनीय:**<br>संबंधित क्षेत्र में न्यूनतम एक वर्ष का अनुभव | पदधारी को पेंटिंग कार्य, कांच काटने, साइनेज लेखन, और पाथ फाइंडर के साइनेज बिल्डिंग नामों का अनुरक्षण, आकस्मिक पेंटिंग कार्य करने अपेक्षित हांगे। |

**तकनीशियन (1) (ग्रुप ।।(1)) के पद के लिए चयन प्रकिया:**

चयन के लिए विधिवत गठित स्क्रीनिंग कमेटी द्वारा अनुशंसित उम्मीदवारों को ट्रेड टेस्ट के लिए आमंत्रित किया जाएगा। ट्रेड टेस्ट में पास होने वाले उम्मीदवारों को प्रतियोगी लिखित परीक्षा के लिए आमंत्रित किया जाएगा। परीक्षा में तीन पेपर होंगे (पेपर-।, पेपर-।। और पेपर-।।।)। पेपर-। में न्यूनतम निर्धारित अंक (चयन समिति द्वारा निर्धारित) प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों के ही पेपर-।। और पेपर-।।। का मूल्यांकन किया जाएगा। अंतिम योग्यता सूची केवल पेपर-।। और पेपर-।।। में उम्मीदवारों द्वारा प्राप्त अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी।

लिखित परीक्षा से संबंधित विवरण (मानसिक क्षमता परीक्षण, सामान्य जागरूकता और अंग्रेजी भाषा और संबंधित विषय आदि को कवर करने वाले तीन पेपर शामिल हैं) निम्नानुसार हैं: -

| | |
|---|---|
| **परीक्षा प्रणाली** | ओएमआर आधारित अथवा कम्प्यूटर आधारित वस्तुनिष्ठ बहु विकल्प चयन परीक्षा |
| **प्रश्नों का माध्यम** | अंग्रेजी भाषा के प्रश्नों को छोड़कर अन्य प्रश्न हिंदी और अंग्रेजी दोनो भाषाओं में होंगे |
| **परीक्षा का स्तर** | एसएससी एवं आईटीआई/12वीं कक्षा |
| **कुल प्रश्न** | 150 |
| **कुल आबंटित समय** | 2 घंटे 30 मिनट |

**पेपर-। (आबंटित समय - 1 घंटा)**

| विषय | कुल प्रश्न | अधिकतम अंक | नेगेटिव अंक |
|---|---|---|---|
| बौद्धिक क्षमता परीक्षा* | 50 | 100 (प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो अंक) | इस पेपर में नेगेटिव अंकन नहीं होगा |

* बौद्धिक क्षमता परीक्षा में सामान्य विज्ञता, मात्रात्मक कौशल, तार्किक योग्यता, समस्या समाधान, स्थितिपरक निर्णय आदि शामिल किए गए हैं।

**पेपर-।। (आबंटित समय- 30 मिनट)**

| विषय | कुल प्रश्न | अधिकतम अंक | नेगेटिव अंक |
|---|---|---|---|
| सामान्य जागरूकता | 25 | 75 (प्रत्येक सही उत्तर के लिए तीन अंक) | प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जाएगा |
| अंग्रेजी भाषा | 25 | 75 (प्रत्येक सही उत्तर के लिए तीन अंक) | प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जाएगा |

**पेपर-।।। (आबंटित समय- 1 घंटा)**

| विषय | कुल प्रश्न | अधिकतम अंक | नेगेटिव अंक |
|---|---|---|---|
| संबंधित विषय | 50 | 150 (प्रत्येक सही उत्तर के लिए तीन अंक) | प्रत्येक गलत उत्तर के लिए एक अंक काटा जाएगा |

ट्रेड टैस्ट और लिखित परीक्षा के पेपर-।।। का पाठ्यक्रम समय रहते अधिसूचित किया जाएगा।

**सामान्य सूचना एवं शर्तें:**

1. **परिषद् सेवा के अंतर्गत लाभ :**

क. इन पदों पर सामान्य भत्ते यथा डीए, एचआरए तथा परिवहन भत्ता आदि, जैसा कि केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों को देय तथा सीएसआईआर में लागू हैं, प्रदान किए जाएंगे। परिषद् कर्मी सीएसआईआर आवास आबंटन नियमावली के अनुसार अपनी पात्रता के अनुसार क्वार्टर उपलब्ध होने पर आवास के हकदार है, ऐसे मामले में एचआरए प्रदान नहीं किया जाएगा।

ख. उपर्युक्त उल्लिखित परिलब्धियों के अतिरिक्त नई पैंशन योजना-2004, चिकित्सा खर्चों की प्रतिपूर्ति, अवकाश यात्रा रियायत, वाहन अग्रिम एवं गृह निर्माण अग्रिम आदि की सुविधाएं सीएसआईआर के नियमों के अनुसार उपलब्ध होंगी।

ग. सीएसआईआर द्वारा योग्य उम्मीदवारों को नियमानुसार करियर उन्नयन के उत्कृष्ट अवसर उपलब्ध करवाए जाते है।

2. **अन्य शर्तें :**

1. आवेदक भारत का नागरिक होना चाहिए।
2. सभी आवेदक ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को विज्ञापन में निर्धारित अनिवार्य अर्हताओं और अन्य शर्तों को पूरा करते होने चाहिए। उन्हें परामर्श दिया जाता है कि आवेदन करने से पूर्व वे यह सुनिश्चित कर लें कि वे ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि को विभिन्न पदों के लिए निर्धारित अनिवार्य अर्हताएं पूरी करते हों। पात्रता के संबंध में मांगी गई किसी जानकारी पर विचार नहीं किया जाएगा।

3. उम्मीदवार अनुदेशों को अच्छे से पढ़ने के बाद शैक्षिक अर्हताओं एवं अनुभव संबंधी जानकारी सहित समस्त संगत सूचना ऑनलाईन आवेदन में दें तथा अपनी स्कैन की गई फोटो भी अपलोड करें। निर्धारित अर्हताएं मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थानों इत्यादि से प्राप्त की गई होनी चाहिएँ। अधूरे आवेदनों को सीधा अस्वीकार कर दिया जाएगा तथा इस संबंध में किसी पूछताछ पर विचार नहीं किया जाएगा। ऑनलाईन आवेदन करते समय उम्मीदवारों को कोई दस्तावेज़ संलग्न नहीं करने है।

4. निर्धारित की गई अनिवार्य अर्हताएं न्यूनतम है तथा केवल इन्हें पूरा करने पर उम्मीदवार को ट्रेड टैस्ट/लिखित परीक्षा इत्यादि (जो भी लागू हो) में बुलाए जाने का अधिकार प्राप्त नहीं होगा। विधिवत् गठिन संवीक्षा समिति उम्मीदवारों के चयन के लिए स्वयं अपने मानदंड निर्धारित करेगी। अत: उम्मीदवार न्यूनतम निर्धारित अर्हताओं के अतिरिक्त दसवीं एवं बाद की अर्जित समस्त अर्हताओं एवं अनुभव का उल्लेख अपने आवेदन में करें। आवेदक द्वारा ऑनलाईन भरी गई सूचना और अपलोड किए गए दस्तावेज़ों में कोई विसंगति पाई जाती है, तो संबंधित उम्मीदवार का आवेदन तत्काल निरस्त कर दिया जाएगा तथा भविष्य में संगठन में किसी पद पर आवेदन के लिए उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा।

5. अनिवार्य अर्हताओं की समकक्ष शर्त के संबंध में, यदि कोई उम्मीदवार विज्ञापन की अपेक्षाओं के अनुसार किसी विशिष्ट शैक्षिक अर्हता को समकक्ष मानते हुए दावा कर रहा है, तो उसे इससे संबंधित आदेश/पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा उस प्राधिकरण का विवरण (संख्या एवं तिथि सहित) भी देना होगा, जिसके अंतर्गत इसे समकक्ष माना गया है अन्यथा आवेदन अस्वीकार कर दिया जाएगा।

6. किसी विषय/कार्यक्षेत्र में अनुभव की अवधि, जहां भी निर्धारित हो, की गणना संबंधित ग्रेड के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता अर्जित की तिथि के बाद से की जाएगी। उम्मीदवार द्वारा अंशकालिक आधार पर, दैनिक मजदूरी, विज़िटिंग/अतिथि संकाय के रूप में प्राप्त अनुभव की अवधि की गणना नहीं की जाएगी।

7. यदि कोई प्रमाणपत्र/दस्तावेज़ हिंदी अथवा अंग्रेजी से इतर किसी अन्य भाषा में दिया जा रहा है तो राजपत्रित अधिकारी अथवा नोटरी द्वारा साक्ष्यांकित उसकी अंग्रेजी अथवा हिंदी प्रति साथ में संलग्न की जाए।

8. अधिकतम आयु सीमा, योग्यता एवं/अथवा अनुभव निर्धारित करने की तिथि ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि होगी।

9. आवेदन में भरी गई सूचना और उसके प्रमाण में जमा करवाए गए मूल दस्तावेज़ों में किसी प्रकार की विसंगति की स्थिति में उम्मीदवार को अयोग्य माना जाएगा। यदि चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार अर्हता मानदंडों को पूरा नहीं कर रहा तो उनकी उम्मीदवारी बिना किसी नोटिस दिए निरस्त कर दी जाएगी।

10. भारत सरकार (जीओआई) द्वारा निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करने वाले दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) व्यक्तियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है, बशर्ते कि पद पीडब्ल्यूडी के लिए उपयुक्त हो।

11. **संस्थान लिंग अनुपात आधारित जनशक्ति स्थापित करने के लिए प्रयासरत है, अतः महिला कर्मियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।**

12. किसी भी प्रकार के पक्ष-प्रचार तथा/अथवा राजनैतिक या अन्यथा किसी भी प्रकार की सिफारिश को पद के लिए अयोग्यता माना जाएगा।

13. चयनित उम्मीदवार संस्थान में पद ग्रहण करने की तिथि से एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षाधीन होंगे। परिवीक्षा अवधि को सक्षम प्राधिकारी के विवेकानुसार बढ़ाया या घटाया जा सकता है। परिवीक्षा अवधि को सफलतापूर्वक पूरा करने पर मौजूदा नियमों के अनुसार उनकी सेवा की पुष्टि पर विचार किया जाएगा।

14. परिवीक्षा अवधि के सफलतापूर्वक पूरा हो जाने पर भी यह नियुक्ति किसी भी समय नियोक्ता अथवा नियुक्त कर्मी द्वारा एक माह के नोटिस पर बिना कोई कारण बताए समाप्त की जा सकती है। हालांकि नियोक्ता प्राधिकरण तत्काल अथवा नोटिस की निर्धारित अवधि के समाप्त होने से पूर्व नोटिस की अवधि अथवा इसके शेष भाग के समय के वेतन व भत्तों का भुगतान करके नियुक्त कर्मी की सेवाओं को समाप्त कर सकता है।

15. राजभाषा नियमों के अनुसार चयनित उम्मीदवारों को परिवीक्षा अवधि के दौरान हिंदी का ज्ञान प्राप्त करना होगा।

16. चयनित उम्मीदवारों को परिवीक्षाधीन अवधि के दौरान कहीं और या सीएसआईआर-सीएसआईओ में नियुक्ति के लिए आवेदन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी और यदि उन्होंने पहले से ही किसी अन्य संगठन में किसी पद के लिए आवेदन किया है, तो उन्हें संस्थान में शामिल होने के तुरंत बाद ऐसे आवेदनों का विवरण देना होगा।

17. परिषद् की सेवा के दौरान भारत में कहीं भी स्तानांतरण किया जा सकता है। सीएसआईआर-सीएसआईओ जनहित में किसी भी कर्मी को एक प्रयोगशाला/संस्थान से दूसरे में या उसके किसी विस्तार/क्षेत्रीय केन्द्र में स्थानांतरित कर सकता है। निदेशक, सीएसआईआर-सीएसआईओ किसी भी कर्मचारी को संगठन/प्रयोगशाला मुख्यालय से इसके विस्तार/क्षेत्रीय केन्द्र या विलोमत: स्थानांतरित कर सकते हैं।

18. केन्द्रीय सिविल सेवा (आचरण) नियमावली, 1964, केन्द्रीय सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियमावली, 1965 के प्रावधान तथा परिषद् कर्मियों पर लागू समय-समय पर प्राप्त होने वाले ऐसे कोई अन्य नियम या निष्पादन आदेश लागू होंगे जिनकी नियुक्ति के संबंध में प्रयोज्यता होगी तथा उनकी प्रयोज्यता के संबंध में परिषद् का निर्णय अंतिम होगा।

19. किसी विशेष पद को न भरने का अधिकार सीएसआईआर-सीएसआईओ के पास सुरक्षित है। उपरोक्त उल्लिखित रिक्तियों की संख्या अनंतिम हैं तथा इनमें परिवर्तन किया जा सकता है। तथापि, हमारी आवश्यकता के अनुसार इनमें यदि कोई परिवर्तन होता है तो उसकी सूचना हमारी वैबसाईट पर दी जाएगी।

20. अद्यतन जानकारी (संवीज्ञा सूची, साक्षात्कार/परीक्षा/ट्रेड टैस्ट/लिखित परीक्षा) के लिए नियमित तौर पर सीएसआईआर-सीएसआईओ की वैबसाईट www.csio.res.in देखें। इस भर्ती के संबंध में किसी प्रकार के संप्रेषण के लिए अपनी पंजीकृत ई.मेल भी देखते रहें।

21. पात्रता, आवेदन को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने, चयन की पद्धति, परीक्षा/साक्षात्कार लेने संबंधी सभी मामलों में सीएसआईआर-सीएसआईओ के सक्षम प्राधिकारी का निर्णय अंतिम एवं उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा।

**3. छूट :**

क. सीएसआईआर प्रयोगशालाओं/संस्थानों, सरकारी विभागों, स्वायत्तशासी निकायों तथा सार्वजनिक क्षेत्र की कम्पनियों में कार्यरत नियमिति कर्मचारियों को उपरी आयु सीमा में भारत सरकार द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों एवं आदेशों के अनुसार 5 वर्ष की छूट है।

| **कम सं.** | **वर्ग** | **उपरी आयु सीमा में अनुमेय छूट** |
|---|---|---|
| 01 | एससी/एसटी | 5 वर्ष |
| 02 | ओबीसी | 3 वर्ष |
| 03 | पीडब्ल्यूडी (अनारक्षित) | 10 वर्ष |
| 04 | पीडब्ल्यूडी (ओबीसी) | 13 वर्ष |
| 05 | पीडब्ल्यूडी (एससी/एसटी) | 15 वर्ष |

| | | |
|---|---|---|
| 06 | पूर्व सैनिक (ईएसएम) | भारत सरकार के समय-समय पर संशोधित आदेशों के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि को उम्मीदवार की वास्तविक आयु से उसके द्वारा सेना में की गई सेवा की अवधि को निकालकर 3 वर्ष की छूट |
| 07 | पूर्व सैनिक (ओबीसी/एससी/एसटी) | भारत सरकार के समय-समय पर संशोधित आदेशों के अनुसार आवेदन की अंतिम तिथि को उम्मीदवार की वास्तविक आयु से उसके द्वारा सेना में की गई सेवा की अवधि को निकालकर 6/8/8 वर्ष की छूट |
| **ग्रुप 'सी' के पदों के लिए उपरी आयु सीमा में अतिरिक्त अनुमेय छूट** | | |
| 08 | विधवा/तलाकशुदा/न्यायिक रूप से अलग हुई और अविवाहित महिलाएं | 35 वर्ष आयु तक |
| 09 | विधवा/तलाकशुदा/न्यायिक रूप से अलग हुई और अविवाहित महिलाएं (ओबीसी) | 38 वर्ष आयु तक |
| 10 | विधवा/तलाकशुदा/न्यायिक रूप से अलग हुई और अविवाहित महिलाएं (एससी/एसटी) | 40 वर्ष आयु तक |

ख. एससी/एसटी/ओबीसी (एनसीएल) के लिए आयु सीमा में छूट भारत सरकार के नियमों के अनुसार देय होगी, बशर्ते की पद उस वर्ग के लिए आरक्षित हो। आयु सीमा में छूट एससी/एसटी के लिए 5 वर्ष, ओबीसी के लिए 3 वर्ष और पीडब्ल्यूडी उम्मीदवारों के लिए 10 वर्ष की होगी। आयु सीमा में छूट भारत सरकार के पदों के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकरण द्वारा जारी प्रमाणपत्रों की स्व-साक्ष्यांकित प्रतियां प्रस्तुत करने पर ही देय होगी।

ग. अनारक्षित पदों पर आवेदन करने वाले एससी/एसटी/ओबीसी उम्मीदवारों को आयु सीमा में छूट नहीं होगी।

घ. ओबीसी श्रेणी में आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि उनके पास संबंधित जाति/समुदाय का प्रमाणपत्र हो तथा वे ऑनलाईन आवेदन करने की अंतिम तिथि तक क्रीमी लेयर में न आते हों। ओबीसी श्रेणी में उम्मीदवार की अर्हता भारत सरकार की केन्द्रीय सूची में शामिल जातियों के आधार पर होगी। ओबीसी उम्मीदवार क्रीमी लेयर से संबंधित नहीं होने चाहिए। उनकी उप-जातियां केन्द्रीय सूची में उल्लिखित जातियों में से होनी चाहिए, अन्यथा किसी भी आरक्षित श्रेणी में उनके द्वारा किए गए आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा तथा उस पद को अनारक्षित समक्षा जाएगा, यदि वे अन्यथा पात्र हों।

ड. भारत सरकार के प्रावधानों के अनुसार विधवाओं तथा पति से कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं को, जिन्होंने पुनः विवाह न किया हो, ऊपरी आयु में उनके 35 वर्ष (अन्य पिछड़े वर्ग के सदस्यों के लिए 38 वर्ष तथा एससी/एसटी वर्ग के लिए 40 वर्ष, जहां उनके लिए पद आरक्षित हों) के होने तक की छूट प्राप्त है। इस श्रेणी के तहत आयुसीमा में छूट का दावा करने वाली महिलाओं को निम्नलिखित दस्तावेजी प्रमाण प्रस्तुत करने होंगे :

।) विधवा के मामले में, पति का मृत्यु प्रमाण-पत्र एवं शपथ-पत्र कि उसके बाद पुनः विवाह नहीं किया है।

।।)तलाकशुदा महिलाओं तथा पति से कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं के मामले में तलाक या कानूनी रूप से अलग होने के प्रमाण के तौर पर कोर्ट के निर्णय/डिक्री की प्रमाणित प्रति के साथ इस आशय का शपथ-पत्र कि तब से उन्होंने पुनः विवाह नहीं किया है।

च. **दिव्यांग (पीडब्ल्यूडी) व्यक्तियों के लिए आयु में छूट :** नेत्रहीन, मूक-बधिर एवं ऑर्थेपेडिक रूप से दिव्यांग व्यक्तियों और केन्द्र सरकार के नियमों के अनुसार विनिर्दिष्ट अन्य अपंगताओं के लिए ऊपरी आयु सीमा में 10 वर्ष की छूट लागू होगी (ओबीसी के लिए कुल 13 और एससी/एसटी के लिए कुल 15 वर्ष), बशर्ते कि निर्णायक तिथि को आवेदक की अधिकतम आयु 56 वर्ष से अधिक न हो। इस उप-पैरा के अंतर्गत आयु सीमा में छूट का दावा करने वाले व्यक्तियों को अपने दावे के समर्थन में निर्धारित प्रपत्र में एक प्रमाणपत्र देना होगा कि उनकी शारीरिक अपंगता 40 प्रतिशत या अधिक है। किसी भी स्थिति में ऐसे उम्मीदवारों की नियुक्ति इस शर्त पर होगी कि वे प्रत्येक संगत ग्रुप (ए, बी एवं सी) के पदों पर चयन द्वारा सीधी भर्ती के लिए भारत सरकार द्वारा निर्धारित मेडिकल फिटनेस के मानदंडों के अनुसार चिकित्सीय दृष्टि से स्वस्थ हों।

**बैचमार्क दिव्यांगता वाले (पीडब्ल्यूबीडी) व्यक्तियों के लिए आरक्षण :** (हॉरिजॉण्टल आरक्षण)
आरक्षण के लिए बैच मार्क दिव्यांगता की सीमा तथा दिव्यांगता प्रमाणपत्र जारी करने के लिए सक्षम प्राधिकारी : पदों पर आरक्षण/शर्तो में छूट के लिए केवल वे ही व्यक्ति पात्र होंगे जिनकी संबंधित बैचमार्क दिव्यांगता 40 प्रतिशत से कम न हो। इस प्रकार की छूट तथा/अथवा आरक्षण प्राप्त करने वाले दिव्यांगजनों को दिव्यांगजन अधिकार नियमावली, 2017 के अध्याय 7 के तहत नियम 18(1) के फॉर्म V, VI तथा VII के अनुसार सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा।

दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए दिशानिर्देश : बैचमार्क दिव्यांगता वाले उम्मीदवारों के मामले में, अनुकंपा समय और लेखक/पैसेज डिक्टेटर की सुविधा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिनांक 29.08.2018 के कार्यालय ज्ञापन सं. 34-02/2015-DD-III एवं दिनांक 08.02.2019 के समसंख्यक शुद्धिपत्र, जिसे सीएसआईआर ने दिनांक 15.03.2019 को पृष्ठांकित किया, के अनुसार दी जाएगी।

छ. आर्थिक रूप कमजोर वर्गो (ईडब्ल्यूएस) को आरक्षण : ईडब्ल्यूएस (10 प्रतिशत कोटा के तहत) के लिए आरक्षित रिक्तियां भारत सरकार/सीएसआईआर द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार हैं। ईडब्ल्यूएस के तहत आरक्षण का लाभ सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर लिया जा सकाता है। निर्धारित प्रारूप में निम्नलिखित प्राधिकरणों में से किसी एक द्वारा जारी आय और संपत्ति प्रमाण पत्र, केवल ईडब्ल्यूएस से संबंधित उम्मीदवार के दावे के रूप में स्वीकार किया जाएगा :

(1) जिला मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट/कलेक्टर/उपायुक्त/अपर उपायुक्त/प्रथम श्रेणी वैतनिक मजिस्ट्रेट/उप-विभागीय मजिस्ट्रेट/तालुका मजिस्ट्रेट/कार्यकारी मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त सहायक आयुक्त
(2) मुख्य प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट/अतिरिक्त मुख्य प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट/प्रेसिडेंसी मजिस्ट्रेट
(3) राजस्व अधिकारी तहसीलदार के पद से कम नहीं और
(4) उस क्षेत्र का अनुविभागीय अधिकारी जहां उम्मीदवार और/या उसका परिवार रहता है।

ईडब्ल्यूएस के लिए आरक्षित रिक्तियों पर आवेदन करने वाले उम्मीदवारों के पास आवेदन के पंजीकरण की अंतिम तिथि तक का आय और संपत्ति प्रमाण पत्र होना चाहिए। इसके अलावा, इन उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के दौरान वैध आय और संपत्ति प्रमाण पत्र भी प्रस्तुत करना आवश्यक है। इन शर्तो में विफल रहने पर, ईडब्ल्यूएस के तहत उनके आरक्षण के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और ऐसे

उम्मीदवारों की उम्मीदवारी/आवेदन, यदि सामान्य (अनारक्षित) श्रेणी के लिए पात्रता की सभी शर्तों को पूरा करते है, तो केवल सामान्य (यूआर) रिक्तियों के लिए ही विचाराधीन होगा।

ज. **पूर्व-सैनिकों के लिए आरक्षण :** (हॉरिजाण्टल आरक्षण)

छूट एवं रियायतें : पूर्व-सैनिकों को आयु एवं शैक्षिक अर्हताओं में छूट भारत सरकार/सीएसआईआर द्वारा समय-समय पर संशोधित आदेशों के अनुसार देय होगी।

(1) पूर्व सैनिकों और ईसीओ/एसएससीओ सहित कमीशन्ड अधिकारियों को ऊउपरी आयुसीमा में 3 वर्ष की छूट दी जाएगी, बशर्ते कि पूर्वसैनिक ने आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को सुरक्षा बलों में सेवा शपथग्रहण के उपरांत कम से कम 6 वर्ष की सतत् सेवा की हो।

नोट : ऐसे पूर्व-सैनिक, जिसे केन्द्र सरकार में पहले की सिविल सेवा में नौकरी मिली हो, को आयु सीमा में वही छूट प्रदान की जाएगी जो पूर्व-सैनिकों को केन्द्र सरकार में किसी उच्च पद पर अन्य नौकरी अथवा सेवा प्राप्त करने के लिए देय होती है। हालांकि, इस प्रकार के उम्मीदवार केन्द्र सरकार की नौकरियों के लिए आरक्षण, यदि कोई हो तो, के पात्र नहीं होंगे।

(2) उपर्युक्त 1 के अनुसार छूट प्राप्त करने वाले उम्मीदवारों को एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा कि उन्हें सुरक्षा बलों से कार्यमुक्त कर दिया गया है। पूर्व सैनिकों और ईसीओ/एसएससीओ सहित कमीशन्ड अधिकारियों के मामले में यह प्रमाणपत्र उपयुक्त प्राधिकारी द्वारा हस्ताक्षरित होना चाहिए तथा इसमें उनके द्वारा रक्षा बलों में की गई सेवा की अवधि का उल्लेख भी होना चाहिए।

एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूडी/ईडब्ल्यूएस/ईएक्सएसएम वर्ग के उम्मीदवारों को संबंधित श्रेणी के लिए आरक्षित पदों के संबंध में भारत सरकार द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर संबंधित प्रमाणपत्र विनिर्दिष्ट प्राधिकारी से हस्ताक्षर करवाकर प्रस्तुत करना होगा।

पूर्व-सैनिकों के लिए ऊपरी आयुसीमा में आवेदन करने की अंतिम तिथि को उनकी वास्तविक आयु में से उनके द्वारा सेना में की गई वास्तविक सेवा की अवधि को घटाकर छूट दी जाएगी तथा इसके अनुसार निर्धारित की गई आयु संबंधित पद के लिए निर्धारित अधिकतम आयु सीमा से 3 वर्ष (ओबीसी उम्मीदवारों के लिए 6 वर्ष एवं एससी/एसटी उम्मीदवारों के लिए 8 वर्ष) से अधिक नहीं होनी चाहिए।

नोट I : ऐसे पूर्व-सैनिक, जिसे केन्द्र सरकार में पूर्व-सैनिकों दिए जाने वाले आरक्षण के अंतर्गत पहले ही सिविल सेवा में ग्रुप 'सी' एवं 'डी' के पदों पर नियमित नौकरी मिली हो, को पूर्व-सैनिक श्रेणी में आरक्षण का लाभ प्राप्त नहीं होगा, तथापि उन्हें केवल आयु सीमा में छूट देय होगी।

नोट II : पूर्व सैनिक द्वारा सेना में की गई "कॉल अप सर्विस" को भी आयु सीमा में छूट के लिए सेवा माना जाएगा।

नोट III : संघ की तीनों सशस्त्र सेनाओं के किसी भी कर्मी को आरक्षण के लाभ के लिए पूर्व-सैनिक माने जाने के लिए यह जरूरी है कि पद/सेवा के लिए आवेदन प्रस्तुत करते समय उसने पूर्व-सैनिक का स्थान अर्जित कर लिया हो तथा/अथवा वह सक्षम प्राधिकारी से दस्तावेज़ी साक्ष्य लेकर प्रस्तुत करेगा कि वह निर्धारित अवधि अर्थात् आवेदन की तिथि से एक वर्ष के भीतर पूर्व-सैनिक का स्थान अर्जित कर लेगा।

नोट IV : पूर्व सैनिक अथवा दिव्यांग श्रेणी के उम्मीदवार, जो आयु सीमा, अर्हताओं व लिखित परीक्षा आदि के आधार पर योग्य होंगे, को आरक्षित श्रेणी में गिना जाएगा न कि सामान्य वर्ग के पदों पर, बशर्ते कि वे चयन के योग्य हों।

नोट V : पूर्व-सैनिकों को वेतन-सुरक्षा का लाभ देय नहीं होगा।

स्पष्टीकरण । : पूर्व-सैनिक का अर्थ है एक ऐसा व्यक्ति, जिसने भारत संघ की थल सेना, नौसेना, वायु सेना में लड़ाकू या गैर-लड़ाकू के रूप में किसी भी रैंक में सेवा की हो तथा पेंन्शन लाभ प्राप्त करने के बाद वह सेवानिवृत्त हुआ हो। इसमें वह व्यक्ति भी शामिल है जिन्होंने स्वयं अपने अनुरोध पर सेवानिवृत्ति ली हो और पेंन्शन अर्जित की हो ; अथवा (1) जिसे सेना सेवा के कारण चिकित्सा आधार पर/उसके नियंत्रण से बाहर की परिस्थितियों के आधार पर हटाया गया हो और उसे चिकित्सा अथवा अन्य किसी प्रकार की दिव्यांगात पेंन्शन जारी की गई हो ; अथवा (2) प्रतिष्ठान में छंटनी के कारण विनिर्दिष्ट अवधि की सेवा पूरी करने के बाद सेवा से हटाया गया हो, बशर्ते कि उसे उसके अनुरोध पर हटाया न गया हो अथवा कदाचार या अदक्षता के कारण पुदच्युत या बरखास्त न किया गया हो तथा ही उसे ग्रेच्युटी प्रदान की गई हो; तथा इसमें निम्नलिखित श्रेणियों की प्रादेशिक सेना की कार्मिक भी शामिल होंगे : (क) सतत् सन्निहित सेवाओं के पेंन्शन धारक (ख) सैन्य सेवा के कारण दिव्यांग कार्मिक ; तथा (ग) शौर्य पुरस्कार विजेता।

स्पष्टीकरण ।। : संघ की सशस्त्र सेनाओं में कार्यरत कार्मिक, जो सेवा से सेवानिवृत्ति पर पूर्व-सैनिक की श्रेणी में आएंगे, उन्हें नियुक्ति की निर्धारित अवधि के पूरा होने से एक वर्ष पूर्व पुनर्रोजगार के लिए आवेदन करने की अनुमति होगी तथा वे पूर्व-सैनिकों को देय समस्त छूटों का लाभ भी प्राप्त कर सकंगे, परन्तु संघ की सशस्त्र सेनाओं में उनकी सेवा की निर्धारित अवधि तक उन्हें सेवा छोड़ने की अनुमति नहीं होगी।

**नोट VI : पूर्व-सैनिकों के बेटों, बेटियों और आश्रितों को आयु में छूट नहीं दी जाएगी।**

**पूर्व-सैनिकों के मामले में उन्हें अपनी डिस्चार्ज बुक/प्रमाणपत्र की साक्ष्यांकित प्रति संलग्न करनी होगी।**

झ. **आरक्षण/छूट का लाभ लेने के इच्छुक सभी उम्मीदवारों के लिए विशेष नोट**

सभी उम्मीदवार जो ईडब्ल्यूएस/एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी के तहत आरक्षण/छूट के इच्छुक है सुनिश्चित करें कि वे नियमों/नोटिस में विहित पात्रता के अनुसार ऐसे आरक्षण/छूट के पात्र है। उनके पास उनके दावे के समर्थन में सभी आवश्यक प्रमाण पत्र उसी प्रारूप में उपलब्ध होने चाहिए जैसाकि नियमों/नोटिस में दिया गया है तथा वे उन्हें, विहित प्रारूप में प्रस्तुत करेंगे जब संस्थान द्वारा ऐसे प्रमाण पत्र मांगे जाएँगे। अन्यथा उनके ईडब्ल्यूएस/एससी/एसटी/ओबीसी/पीडब्ल्यूबीडी के तहत आरक्षण/छूट के दावे पर विचार नहीं किया जाएगा और उनकी उम्मीदवारी/आवेदन पर सामान्य (अनारक्षित) श्रेणी में ही विचार किया जाएगा। पीडब्ल्यूडी कोटे के तहत नियुक्त उम्मीदवारों को एससी/एसटी/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस/अनारक्षित(यूआर) की सम्बद्ध श्रेणी के प्रति समायोजित कर दिया जाएगा।

## 4. आवेदन कैसे करें :

1. योग्य उम्मीदवार हमारी वैबसाइट **http://www.csio.res.in** के माध्यम से **ऑनलाइन** आवेदन करें। उम्मीदवारों द्वारा उनके ऑनलाइन आवेदन के प्रिंट आउट या अन्य कोई दस्तावेज सीएसआईआर-सीएसआईओ में डाक द्वारा या स्वयं आकर जमा करवाने की आवश्यकता नहीं है। आवेदकों को सलाह दी जाती है कि अन्य दस्तावेजों सहित अपने ऑनलाइन आवेदन का प्रिंट आउट संदर्भ और आगामी सत्यापन के लिए अपने पास रखें।

2. यदि उम्मीदवार का वैध ई.मेल आई.डी. नहीं है तो ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व उसे नया वैध ई. मेल आई.डी. बनाना होगा।

3. ऑनलाइन आवेदन सीएसआईआर-सीएसआईओ वैबसाइट **http://www.csio.res.in** पर दिनांक **12.05.2023** से **12.06.2023** तक **सायं 5.00 बजे** तक भरा जा सकेगा।

4. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि ऑनलाइन आवेदन भरने से पहले ऑनलाइन आवेदन करने संबंधी निर्देशों को ध्यानपूर्वक पढ़ें।

5. सामान्य/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस उम्मीदवारों के लिए रु.500/- (मात्र पॉच सौ रुपए) का ऑनलाइन आवेदन शुल्क लागू है, जोकि अप्रतिदेय है। फीस केवल **स्टेट बैंक कलैक्ट** पर ऑनलाइन जमा की जाए। फीस के सफल भुगतान के बाद जारी हुई ट्रांसैक्शन संख्या ऑनलाइन आवेदन में भरी जानी आवश्यक है। उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे ई.रसीद डाउनलोड करें तथा अपने पास सम्भाल कर रखें। ऑनलाइन फीस जमा कराने का तरीका सीएसआईआर-सीएसआईओ वैबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन फॉर्म के अनुदेशों में अंकित है। एससी/एसटी/पीडब्ल्यूडी/महिला/नियमित सीएसआईआर कर्मचारी/विदेश से आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को आवेदन शुल्क में छूट होगी।

6. सीजीपीए/एसजीपीए/ओजीपीए ग्रेड आादि प्रदान करने वाले विश्वविद्यालयों/ संस्थानों के मामले में उम्मीदवारों से अनुरोध है कि अपने विश्वविद्यालय/संस्थानों के नियमों के तहत दिए गए फार्मूले के अनुसार इसे प्रतिशत में बदलकर लिखें।

7. **'सबमिट बटन'** पर क्लिक करने के बाद प्रदर्शित पृष्ठ पर जारी किया गया **'आवेदन फार्म नम्बर'** प्राप्त होने पर ऑनलाइन आवेदन सफल माना जाएगा। कृपया इसे सावधानीपूर्वक नोट करके अपने पास रखें। यदि आप ऐसा नहीं करते है तो आवेदन को दोबारा प्रिंट नहीं कर पाएंगे।

8. प्रस्तुत किया गया आवेदन वापिस नहीं लिया जा सकता तथा जमा की गई फीस की राशि भी किसी भी स्थिति में लौटाई नहीं जा सकती, न ही इसे किसी अन्य भर्ती या चयन प्रक्रिया के लिए रिज़र्व में रखा जा सकता है।

9. **इच्छुक उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि अंत में हडबड़ी से बचने के लिए समय पर आवेदन करें तथा यह अधिसूचित किया जाता है कि ऑनलाइन तकनीकी कारणों/समस्याओं के आधार पर अंतिम तिथि बढ़ाई नहीं जाएगी।**

10. **सरकारी विभागों/स्वायत्तशासी निकायों और सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कर्मचारियों के आवेदनों पर तभी विचार किया जाएगा जब वे उचित माध्यम से अग्रेषित किए गए हों अथवा ऑनलाईन आवेदन करते समय एनओसी अपलोड किया गया हो**। उचित माध्यम से भेजे गए आवेदनों/एनओसी के मामले में, निम्नलिखित पर ध्यान दिया जाए :

1) नियोक्ता द्वारा यह प्रमाणित किया जाना चाहिए कि यदि आवेदक का चयन हो जाता है तो उसे नियुक्ति आदेश प्राप्त होने के एक महीने के भीतर कार्यमुक्त कर दिया जाएगा।

2) सतर्कता अनापत्ति भी दर्ज की जानी चाहिए।

11. **उचित माध्यम से भेजे जाने वाले आवेदन. ऑनलाईन आवेदन की अंतिम तिथि के एक महीने के भीतर वरिष्ठ प्रशासन नियंत्रक, सीएसआईआर-केंद्रीय वैज्ञानिक उपकरण संगठन, सैक्टर-30सी, चंडीगढ़-160030 तक पहुंच जाने चाहिए।**

12. **अपूर्ण (अर्थात् फोटोग्राफ/हस्ताक्षर/लागू शंसापत्रों/आवेदन शुल्क (जहाँ भी लागू हों) आदि अपलोड के बिना} आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा इन्हें तत्काल अस्वीकृत कर दिया जाएगा।**

13. ऑनलाइन आवेदन फार्म सफलतापूर्वक जमा करने के बाद उसकी किसी भी प्रकार की वापसी/आशोधन/रद्द होने की अनुमति नहीं है।

14. सभी उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना होगा कि वे आयु, योग्यता, अनुभव, जाति/आरक्षित श्रेणी की स्थिति के संदर्भ में सभी अपेक्षित पात्रता शर्तो को पूरा करते हैं तथा समस्त संबंधित प्रमाणपत्र सक्षम प्राधिकारणों द्वारा निर्धारित प्रपत्रों पर जारी किए गए हैं, अन्यथा उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाएगा। उम्मीदवारों द्वारा दी गई किसी भी जानकारी के बाद में जांच के दौरान गलत पाए जाने पर संबंधित उम्मीदवारी निरस्त कर दी जाएगी तथा गलत जानकारी/दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए उन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

15. इसके अलावा, आवेदन पत्र में झूठी या गलत जानकारी प्रदान करना आवेदन प्रक्रिया का निरस्तीकरण माना जाएगा।

**5. आवेदन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज् एक ही पीडीएफ फाईल (5 एमबी साईज) में अवश्य अपलोड किए जाएं, अन्यथा आवेदन निरस्त कर दिया जाएगा :**

(क) जन्मतिथि प्रमाणपत्र

(ख) सीजीपीए से प्रतिशत में रूपांतरण के सूत्र सहित शैक्षिक अर्हता प्रमाणपत्र {10वीं, 12वीं, डिप्लोमा, स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएच.डी. (यदि लागू हो)}

(ग) 1. अनुभव प्रमाणपत्र, यदि कोई हो

2. यदि सरकारी विभाग/स्वायत्त निकायों तथा सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों में नियमित तौर पर कार्यरत हों तो, वर्तमान नियोक्ता से अनापत्ति प्रमाण पत्र।

3. आवेदन में दी गई सूचना के अनुसार पेटेण्ट/प्रकाशन (केवल संगत पृष्ठ) दस्तावेज

(घ) i) जाति प्रमाणपत्र, यदि लागू हो (एससी/ओबीसी मामलों में)

ii) दिव्यांगजनों के मामले में दिव्यांगता प्रमाणपत्र।

iii) निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी आय एवं संपत्ति प्रमाणपत्र (ईडब्ल्यूएस श्रेणी के उम्मीदवारों के मामले में)

iv) पूर्व सैनिकों को उनके डिस्चार्ज बुक/प्रमाणपत्र की साक्ष्यांकित प्रति सलंग्न करनी होगी।

v) विधवा/तलाकशुदा महिलाओं/पति से कानूनी रूप से अलग हुई महिलाओं (यदि लागू हो) के मामले में सम्बद्ध प्रमाणपत्र।

(ड.) अन्य कोई सम्बद्ध दस्तावेज।

नोट: इस विज्ञापन के अंग्रेज़ी संस्करण और उसके हिन्दी अनुवाद में कोई विसंगति पाए जाने पर अंग्रेज़ी संस्करण ही मान्य होगा।

**किसी भी प्रकार की अंतरिम पूछताछ अथवा पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा। आगामी/अद्यतन सूचना के लिए हमारी वैबसाईट को नियमित तौर पर देखें।**

अवतार सिंह
12/05/2023
**प्रशासनिक अधिकारी**
**सीएसआईआर-सीएसआईओ, चण्डीगढ़**